कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 01.07.2024

विषयः- पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन ने थाना मण्डुवाडीह का किया आकस्मिक निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।

आज दिनांक-01.07.2024 को पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन श्री चन्द्रकान्त मीना द्वारा थाना मण्डुवाडीह का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। थाना परिसर का भ्रमण करते हुए कार्यालय, बैरक, सीसीटीएनएस/ कम्प्यूटर कक्ष, हवालात, भोजनालय, मालखाना, महिला/साइबर हेल्प डेस्क, थाना परिसर मे खड़े वाहनों व रजिस्टरों/अभिलेखों के रख-रखाव का जायज़ा लिया गया । निरीक्षण के उपरांत पुलिस उपायुक्त महोदय द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना मण्डुवाडीह व संबंधित कर्मचारिगणों को निम्न निर्देश दिए गए:-

- निरीक्षण के दौरान थाना परिसर तथा बैरक की साफ-सफाई व लाइटिंग की व्यवस्था को चेक करते हुए बैरक की साफ-सफाई हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये साथ ही आगंतुकों के बैठने व पेय जल की समुचित व्यवस्था रखने हेतु निर्देशित किया गया।
- थाने के महत्वपूर्ण अभिलेखों/रजिस्टरों (जन शिकायत रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर, साइबर हेल्प डेस्क रजिस्टर, टॉप-10 रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर) आदि अभिलेखों को चेक करते हुए उनके रख-रखाव, उपयुक्त कवरिंग व बाइंडिंग तथा डाटा अद्यतन/नियमित डाटा फीडिंग करने के संबंध मे निर्देश दिये गये।
- आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने, शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु क्षेत्र की सम्मानित जनता, व्यापारी, समाजसेवी, सहयोगी एवं क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के साथ विभिन्न बिन्दुओं पर परिचर्चा हेतु पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित करने के लिए प्रभारी निरीक्षक थाना मण्डुवाडीह को निर्देशित किया।
- लंबित विवेचनाओं को गुण-दोष के आधार पर समय से निस्तारित करने एवं चोरी/लूट/छिनैती/नकबजनी/हत्या जैसी घटनाओं के नियंत्रण हेतु थाना क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने, सर्राफा दुकानों एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के दृष्टिगत अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने फरार/ वारंटी अभियुक्तों की जल्द गिरफ़्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया।
- मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला बीट पुलिसकर्मियों(मिशन शक्ति दीदी) को एण्टी-रोमियो चेकिंग व जागरुकता कार्यक्रम दैनिक आधार पर करने एवं महिला हेल्प डेस्क पर मौजूद महिला पुलिसकर्मियों को पीड़ित महिलाओं के प्रति उनके व्यवहार व उनकी समस्याओं के समुचित समाधान एवं नियमित फीडबैक लेने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

- थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि थाना पर आने वाले शिकायतकर्ताओं के साथ अच्छा व्यवहार हो एवं शिकायत का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाय।



सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।